# मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारण्टी परिषद

**(मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन गठित पंजीकृत संस्था)**
**59, नर्मदा भवन, अरेरा हिल्स भोपाल**

क्रमांक 502 /NR-3/IMP CELL/MGNREGS-MP/2013 भोपाल, दि. 17/01/2013

प्रति,

**कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अति.जिला कार्यक्रम समन्वयक,**
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम–म.प्र.
जिला – समस्त (म.प्र.)

**विषयः–** **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत संभाग स्तर पर एक दिवसीय कार्यक्रम विषयक।**

विषयांतर्गत महात्मा गांधी नरेगा अतंर्गत भारत सरकार से जारी क्रियान्वयन मार्गदर्शिका (ड्राफ्ट) दिनांक 29.09.2012 में दिये गये नवीन दिशा निर्देशों की जानकारी, संलग्न तकनीकी अधिकारियों / कर्मचारियों की भूमिका एवं अपेक्षित परिणाम आधारित प्रगति के अनुक्रम में मैदानी क्षेत्र में संलग्न उपयंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों के लिए संभाग स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन **संलग्न अनुलग्नक – 01** में उल्लेखित दिनांकों में किया जाना है।

प्रशिक्षण के मुख्य बिन्दू इस प्रकार हैं।

1. आगामी 01.04.2013 से निर्माण कार्यो के लिए अनिवार्यतः ई–मस्टर का उपयोग।
2. योजना में संलग्न उपयंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों की भूमिका उनके दायित्व कार्य अनुसार अधिकारी के मूल्यांकन का आकलन।
3. माप पुस्तिका मे माप दर्ज करते समय ध्यान रखने योग्य आवश्यक बिन्दू।
4. माह दिसम्बर 2012 की स्थिति में स्वीकृत, प्रगतिरत, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यो की समीक्षा।
5. जॉब कार्डधारी परिवार को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने की रणनीति।
6. योजनांतर्गत अनुमत कार्यो की जानकारी एवं अनुमत कार्यो को निर्धारित 16 प्रकार के वर्गीकरण के अनुसार एम.आई.एस में दर्ज करना।
7. योजनान्तर्गत प्रचलित उपयोजनाओं की समीक्षा।
8. योजना की अपेक्षित प्रगति के लिए अन्य सुझावात्मक बिन्दु

संभाग स्तर पर मुख्यालय जिलों के द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। आयोजक जिलों के द्वारा प्रशिक्षण हेतु सर्वप्रथम एक नोडल अधिकारी का नामांकन, प्रशिक्षण स्थल का निर्धारण कर संबंधित जिलों को तथा परिषद कार्यालय को यथासमय अधिकृत नोडल अधिकारी के सम्पर्क सूत्र सहित सूचित करेगे। कार्यशाला का आयोजन मुख्यालय स्थित ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया जावें किन्तु उक्त तिथियों में ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान में स्थान अनुपलब्धता की स्थिति में अन्य स्थल का चयन किया जा सकता है। कार्यशाला स्थल पर प्रस्तुतीकरण हेतु एल.सी.डी. प्रोजेक्टर, बैठक व्यवस्था, पंजीयन, चाय एवं दोपहर का भोजन इत्यादि व्यवस्था कर व्यय का समायोजन जिला स्तरीय प्रशासनिक मद (मनरेगा) से वहन किया जा सकेगा। **संभागीय स्तर पर प्रशिक्षण में संभागान्तर्गत जिलों के योजना में संलग्न उपयंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों को अनिवार्यतः उपस्थित होने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें।**

18/1/13

(डॉ. रवीन्द्र पस्तोर)
आयुक्त



भारत सरकार की वेबसाइट http://www.nrega.nic.in
मनरेगा की वेबसाइट www.nregs-mp.org
टोल फ्री नं 155343
D:\Desktop Backup 28.12.12\Notesheet, Nemi teep, latter head\Others letters\Letter ALL Y.K Giri 2 doc

पृ.क्रमांक.....503..... / NR-3/IMP CELL/MGNREGS-MP /2011 भोपाल, दि. 17/01/2013

प्रतिलिपि,

1. आयुक्त समस्त संभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक जिला इंदौर, उज्जैन, चंबल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, भोपाल, नर्मदापुरम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. संयुक्त आयुक्त (प्रशासन), म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल
4. उपायुक्त (विकास), संभाग इंदौर, उज्जैन, चंबल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, भोपाल, नर्मदापुरम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. मुख्यकार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला पंचायत इंदौर, उज्जैन, चंबल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, भोपाल, नर्मदापुरम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

आयुक्त
म.प्र.राज्य रोजगार गारंटी
परिषद,

## संभाग स्तर पर उपयंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण

| प्रशिक्षण दिनांक एवं समय | संभाग का नाम | सम्मिलित जिले | प्रशिक्षण स्थल एवं आयोजनकर्ता | प्रशिक्षण हेतु अधिकृत अधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 22.01.2013 | उज्जैन | देवास, मंदसौर, नीमच, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन | जिला पंचायत कार्यालय उज्जैन अथवा जिले द्वारा निर्धारित अन्य स्थल | श्री ए.के.चौधरी मुख्य अभियंता श्री योगेन्द्र गिरि सहायक यंत्री |
| 23.01.2013 | भोपाल एवं नर्मदापुरम | भोपाल, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, बैतूल, हरदा, होशंगाबाद, | जिला पंचायत कार्यालय भोपाल अथवा जिले द्वारा निर्धारित अन्य स्थल | श्री ए.के. चौधरी मुख्य अभियंता श्री आर.के. गुप्ता कार्यपालन अधिकारी |
| 28.01.2013 | जबलपुर | जबलपुर, बालाघाट, छिदवाड़ा, कटनी, नरसिंहपुर, मण्डला, सिवनी | जिला पंचायत कार्यालय जबलपुर अथवा जिले द्वारा निर्धारित अन्य स्थल | श्री पी. एल. बंगारे अधीयण यंत्री श्री महेश सोनी श्री के.के. मोर सहायक यंत्री |
| 29.01.2013 | चंबल एवं ग्वालियर | भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, अशोकनगर, दतिया, गुना, ग्वालियर, शिवपुरी, | जिला पंचायत कार्यालय ग्वालियर अथवा जिले द्वारा निर्धारित अन्य स्थल | श्री ए.के. चौधरी मुख्य अभियंता श्री योगेन्द्र गिरि सहायक यंत्री |
| 31.01.2013 | सागर | छतरपुर, दमोह, पन्ना, सागर, टीकमगढ़, | जिला पंचायत कार्यालय सागर अथवा जिले द्वारा निर्धारित अन्य स्थल | श्री आर.एस.चौधरी अधीयण यंत्री श्री योगेन्द्र गिरि श्री के.के. मोर सहायक यंत्री |
| 02.02.2013 | रीवा एवं शहडोल | रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, डिण्डौरी, शहडोल, उमरिया, | जिला पंचायत कार्यालय रीवा अथवा जिले द्वारा निर्धारित अन्य स्थल | श्री आर.के. गुप्ता कार्यपालन अधिकारी श्री महेश सोनी सहायक यंत्री |
| 05.02.2013 | इंदौर | अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, इंदौर, झाबुआ, खण्डवा, खरगौन | जिला पंचायत कार्यालय इंदौर अथवा जिले द्वारा निर्धारित अन्य स्थल | श्री ए.के. चौधरी मुख्य अभियंता श्री आर. के. गुप्ता कार्यपालन अधिकारी |

**सम्मिलित प्रतिभागियों के नाम – सहायक यंत्री महात्मा गांधी नरेगा, उपयंत्री महात्मा गांधी नरेगा**

**समय – प्रातः 11 बजे से**

**स्थल – उपरोक्तानुसार दिनांक में संभाग के जिला मुख्यालय पर**

आयुक्त
**म.प्र.राज्य रोजगार गारंटी परिषद,**